

**एक नजर में**

### लापता नाबालिग बड़वानी से दस्तयाब

**गुना।** पुलिस ने नाबालिग बच्चों की गुमशुदगी के मामलों में संवेदनशीलता दिखाते हुए एक बड़ी सफलता हासिल की है। मधुसूदनगढ़ थाना पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए महज 36 घंटे के भीतर बड़वानी जिले से एक अपहृत नाबालिग बालिका को सुरक्षित दस्तयाब कर उसके परिजनों से मिलाया है। पुलिस के अनुसार, बीती 22 मई 2026 को मधुसूदनगढ़ थाने में एक पीड़ित पिता ने अपनी 14 वर्षीय नाबालिग पुत्री के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने तत्काल धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। गुना एसपी श्रीमती हितिका वासल के निर्देश पर थाना प्रभारी गोपाल चौबे की टीम ने मुखबिर तंत्र और तकनीकी संसाधनों की मदद से लोकेशन ट्रेस की। सुराग मिलते ही पुलिस टीम ने बड़वानी में दबिश देकर 23 मई को बालिका को सुरक्षित बरामद कर लिया।

### केदारनाथ धाम में दर्शन की उम्मीद जागी

**गुना।** बमौरी विधानसभा क्षेत्र में स्थित प्राचीन केदारनाथ धाम मंदिर में शिव भक्तों के लिए दोबारा दर्शन शुरू होने की उम्मीद जाग गई है। सुरक्षा कारणों और चट्टानों के खिसकने की आशंका के चलते शासन ने पिछले तीन वर्षों से श्रद्धालुओं के लिए यहां दर्शन प्रतिबंधित कर दिए थे। इस संवेदनशील मुद्दे के स्थायी और वैज्ञानिक समाधान के लिए एक विशेष समिति का गठन अध्यक्ष पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया हैं। समिति की पहल और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के हस्तक्षेप के बाद, प्रशासन की सहमति से इस मामले को विशेषज्ञों को सौंपा गया है।

# जब सवा दो घंटे तक घुटने-घुटने पानी वाले रास्तों पर घूमे कलेक्टर

## गोपालपुरा बांध की ऊंचाई 4 फीट बढ़ेगी ; जंक्शन पॉइंट्स पर लगेगी कटीली तारों की फेंसिंग

### गुनिया नदी से कचरा साफ करने रोज चलेंगे 4 डंपर, बारिश से पहले 50 राउंड का टारगेट



नवभारत न्यूज

**गुना 24 मई का। बीते साल गुनिया नदी ने शहर में जो तबाही मचाई थी, वह कहानी इस मानूसन में दोबारा नहीं दोहराई जाएगी। प्रशासन की पहली और आखिरी प्राथमिकता आगामी बारिश में हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इसी संकल्प के साथ आज कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल अचानक अधिकारियों की फौज लेकर गुनिया नदी के किनारे-किनारे उतर पड़े।**

कलेक्टर ने कड़ी धूप में लगभग सवा दो घंटे तक गोपालपुरा, मंडी रोड, हाट रोड रपटा, मंडी पुल और बांसखेड़ी जैसे संवेदनशील और बाढ़ प्रभावित इलाकों का पैदल घूमकर विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने पूर्व में तैयार की गई फाइलों को बंद कर सीधे जमीन पर उतरकर पुरानी योजनाओं और एस्टीमेट्स की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान शहर को जलमग्न होने से बचाने के लिए कुछ बड़े और कड़े फैसले लिए गए। अधिकारियों ने बताया कि गोपालपुरा बांध की ऊंचाई को लगभग 4 फीट बढ़ाया जा रहा है। इससे बांध की जल संग्रहण क्षमता बढ़ेगी और तेज बारिश के दौरान जो पानी रिहायशी इलाकों में बैक मारता था, वह रुक जाएगा।

नदी के ऐसे जंक्शन पॉइंट जहां तीन दिशाओं से पानी आकर मिलता है और भंवर जैसी स्थिति बनती है, वहां राहगीरों की सुरक्षा के लिए 4-4 फीट ऊंची कटीली तार फेंसिंग (वायर मेष) लगाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि तेज बहाव के वक्त कोई उसमें गिर न सके।

**चोक नालों पर लोक निर्माण विभाग का हथौड़ा**

नानाखेड़ी गेट मार्ग पर जल निकासी में आ रहे अवरोध को देखते हुए कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग को तत्काल एक्शन मोड में आने को कहा, जिसका एस्टीमेट पहले ही तैयार हो चुका है। नगर पालिका को अल्टीमेटम देते हुए उन्होंने कहा कि गुनिया नदी का गला घोंट रहे मलबे और कचरे को साफ करने के लिए रोजाना न्यूनतम 4 डंपर काम पर लगाए जाएं। मानसून की पहली दस्तक से पहले नदी से कचरा उठाने के कम से कम 50 राउंड पूरे हो जाने चाहिए।



### बांसखेड़ी पुलिया का मिडिल पोर्शन पहले साफ करो

दौरे के आखिरी पड़ाव में कलेक्टर बांसखेड़ी पुलिया पहुंचे। वहां नदी के बीचो-बीच फंसे मलबे को देखकर उन्होंने अधिकारियों को सख्त लहजे में कहा कि किनारों से पहले नदी के मध्य हिस्से की सफाई प्राथमिकता पर करें, क्योंकि बीच में रुका कचरा ही पानी को रोककर घरों में घुसाता है। उन्होंने इस अभियान में सिविल सोसाइटी और स्थानीय नागरिकों के जनसहयोग की जमकर तारीफ की। इस मैदानी निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, एसडीएम गुना शिवानी पांडे, तहसीलदार जीएस बैरवा, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री कोमल उइके सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी पसीना बहाते नजर आए।

**रिवर फ्रंट की भी तैयारी**

कलेक्टर कन्याल ने शहरवासियों को उम्मीद जगाते हुए बताया कि गुनिया नदी प्रोजेक्ट की एक भव्य और विस्तृत योजना (रिवर फ्रंट डेवलपमेंट) शासन को भेजी जा चुकी है। जैसे ही मंजूरी मिलेगी, गुनिया नदी का चेहरा बदल दिया जाएगा। लेकिन फिलहाल फोकस सिर्फ और सिर्फ जनता को बाढ़ से बचाना है।

# भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती से परेशान शहरवासी

**गुना।** जिला मुख्यालय पर पड़ रही भीषण गर्मी के बीच चरमराई बिजली व्यवस्था ने नागरिकों की मुसीबतें बढ़ा दी हैं। रविवार की बीती रात शहर के कई हिस्सों में बार-बार हुई अघोषित बिजली कटौती के कारण लोग रातभर परेशान रहे। गर्मी और उमस के कारण लोगों को रतजगा करने पर मजबूर होना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार, शहर की नजूल कॉलोनी, भार्गव कॉलोनी और श्रीराम कॉलोनी जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में रात के समय कई बार बिजली गुल हुई। एक तरफ आसमान से बरसती आग और दूसरी तरफ बार-बार जाती बिजली ने बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को बेहाल कर दिया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि रात में बिजली बंद होने के बाद बिजली कंपनी के शिकायत नंबरों पर भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है। क्षेत्रीय नागरिकों ने बिजली कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि इस भीषण गर्मी को देखते हुए रात के समय निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और अघोषित कटौती पर तुरंत रोक लगाई जाए।

### नौतपा से पहले ही भट्टी-सा तपा गुना, पारा 44 डिग्री पर पहुंचा, दोपहर में सड़कों पर पसरा सन्नाटा

**गुना। नौतपा की शुरूआत 25 मई से होने जा रही है, लेकिन उससे पहले ही गुना जिला भीषण गर्मी की चपेट में आकर भट्टी की तरह तपने लगा है। शहर में सूर्यदेव के तीखे तेवरों के कारण रविवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस पर पहुँच गया, जबकि शनिवार को यह 43.1 डिग्री दर्ज किया गया था। 24 घंटे के भीतर बढ़े इस पारे ने लोगों को बेहाल कर दिया है।**

गर्मी का साफ असर रविवार को शहर की सड़कों और बाजारों में देखने को मिला। दोपहर के समय गुना की मुख्य सड़कें पूरी तरह सुनसान नजर आईं। आमतौर पर रविवार की छुट्टी के दिन होटल, रेस्तरां और वाटर पार्कों में रहने वाली भीड़ इस बार नदारद रही; चिलचिलाती धूप के कारण लोग दोपहर में वाटर पार्कों तक जाने की हिम्मत भी नहीं जुटा सके। लोग घरों में ही दुबके रहे, जिसके बाद शाम ढलने और मौसम में थोड़ी नरमी आने पर ही बाजारों में कुछ रौनक देखी गई।

# ग्रामीण, जरुरतमंद महिलाओं के लिए वरदान बना शिविर



**गुना। नर सेवा ही नारायण सेवा है और जिला अस्पताल में पदस्थ डॉ. सतीश राजपूत इस अवधारणा को पूरी निष्ठा के साथ धरातल पर उतार रहे हैं। आज के इस महंगाई के दौर में हर रविवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाना एक अनुकरणीय पहल है, जो विशेष रूप से ग्रामीण और जरूरतमंद महिलाओं के लिए अत्यंत लाभदायक साबित हो रही है।**

यह उत्साहवर्धन करने वाले शब्द और हौंसले को चार-चांद लगाने वाली बात बमौरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंजीनियर ऋषि अग्रवाल ने डॉ. सतीश राजपूत द्वारा आयोजित साप्ताहिक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर के शुभारंभ अवसर पर कही। अग्रवाल ने डॉ. राजपूत के इन सेवाभावी प्रयासों की मुक्तकंठ से सराहना की और क्षेत्र की जनता की ओर से उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस विशेष अवसर पर उनके साथ कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष रजनीश शर्मा भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने भी डॉ. सतीश राजपूत और उनकी पूरी मेडिकल टीम को इस पुनीत कार्य और निस्वार्थ सेवा भावना के लिए बधाई दी। बता दें कि जिला अस्पताल में अपनी सेवाएं देने के साथ-साथ डॉ. सतीश राजपूत द्वारा प्रत्येक रविवार को सामाजिक सरोकार के तहत इस नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

शिविर में आने वाले मरीजों का न सिर्फ परीक्षण किया जाता है, बल्कि उन्हें निशुल्क दवाइयां भी दी जाती हैं। यह शिविर उन महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रहा है, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और महंगे उपचार की वजह से अच्छे चिकित्सकों की क्लीनिक पर जाने से भी संकोच करने लगती हैं।

# बजरंगगढ़ थाने के निर्भयगढ़ में धधकती मिलीं अवैध शराब की भट्टियां

**गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन एवं उपायुक्त आबकारी संदीप शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री और परिवहन के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 24 मई 2026 को जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के नेतृत्व में आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम गढ़लागिर्द और निर्भयगढ़ में दबिश देकर एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया।**



आबकारी वृत्त गुना-1 के प्रभारी राधाकिशन अटारिया द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, टीम ने जब निर्भयगढ़ क्षेत्र में एक पठार के नीचे तलैया के पास छापा मारा, तो वहां दो अवैध भट्टियां जलती हुई पाई गईं, जिनसे शराब का आसवन किया जा रहा था। आबकारी अमले ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर ही जलती भट्टियों को पूरी तरह नष्ट कर दिया। इस पूरी कार्रवाई के दौरान ग्राम गढ़लागिर्द से 3 टंकियों में भरा लगभग 300 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद हुआ। वहीं, निर्भयगढ़ से 2 बड़े ड्रमों में रखा 200 किलोग्राम लाहन और 2 केनों में 25 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई। टीम ने कुल 500 किलोग्राम लाहन और 25 लीटर अवैध शराब जब्त की, जिसका अनुमानित मूल्य लगभग 30 हजार रुपए है। लाहन के नमूने लेकर शेष सामग्री को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इस सफल कार्रवाई में आबकारी आरक्षक गोविंद सिंह मीणा, दिनेश कुमार राठौर, महिला आरक्षक पूजा रघुवंशी और होमगार्ड सैनिक महिपाल सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

# पतंजलि का राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन 30 मई को

**गुना। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार की मुख्य केंद्रीय महिला प्रभारी और पतंजलि विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ. देवप्रिया के मार्गदर्शन में 30 मई को गुना में एक विशाल राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है।**



नारी के सर्वांगीण विकास में योग की भूमिका और राष्ट्र निर्माण में महिलाओं के योगदान पर केंद्रित यह आध्यात्मिक सम्मेलन नानाखेड़ी मंडी के पास स्थित एक निजी गार्डन में सुबह 7 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस विशेष अवसर पर योग ऋषि स्वामी रामदेव भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर अपना आशीर्वाद देंगे। इस भव्य आयोजन की तैयारियों को लेकर गुना की सनाढ्य धर्मशाला में एक महत्वपूर्ण जिला बैठक हुई। जिसमें भारत स्वाभिमान के राज्य प्रभारी राजेंद्र आर्य, पतंजलि के राज्य प्रभारी कृष्ण योगेंद्र सिंह रघुवंशी, महिला पतंजलि राज्य प्रभारी सुधा त्रिवेदी सहित वरिष्ठ पदाधिकारी मंचासीन रहे। बैठक को संबोधित करते हुए राज्य प्रभारी राजेंद्र आर्य ने जिले की सभी मातृशक्ति से इस सम्मेलन में बढ़-चढ़कर सम्मिलित होने और इसे ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में पतंजलि महिला समिति सहित जिले के पांचों संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी और स्थानीय कार्यकर्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### कैंट पुलिस ने पकड़ा फरार स्थाई वारंटी

**गुना।** पुलिस ने एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस के अनुसार, ग्राम सिंगवासा निवासी 21 वर्षीय आरोपी केशव पारदी के खिलाफ वर्ष 2024 में चोरी और वर्ष 2025 में अवैध शराब बिक्री के मामले दर्ज थे। इन मामलों में न्यायालय में पेश न होने पर अदालत ने आरोपी के खिलाफ स्थाई और गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे। मुखबिर की सटीक सूचना पर कैंट थाना प्रभारी अनूप कुमार भार्गव की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी केशव पारदी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

### आत्महत्या के लिए उकसाने वाला आरोपी पति गिरफ्तार

**गुना। गुना पुलिस ने म्याना थाना क्षेत्र के ग्राम नसीरा में एक नवविवाहिता द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में त्वरित कार्रवाई की है। पुलिस ने मृतका को दहेज के लिए प्रताड़ित करने वाले मुख्य आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन और एसडीओपी विवेक अष्ठाना के पर्यवेक्षण में की गई।**

पुलिस के अनुसार, ग्राम नसीरा में 13 मार्च को 24 वर्षीय भावना यादव ने प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या कर ली थी। जांच में सामने आया कि शादी के बाद से ही भावना को उसके पति गिर्राज यादव, ससुर मेहरबान यादव, सास सुगनबाई यादव और देवर राहुल यादव द्वारा दहेज की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। इस आधार पर आरोपियों के खिलाफ म्याना थाने में अपराध दर्ज कर तलाश शुरू की गई थी। रविवार को मुखबिर की सूचना पर म्याना थाना प्रभारी बृजमोहन सिंह भदौरिया की टीम ने आरोपी पति गिर्राज यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शेष फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

### राजस्थान से अफीम तस्करी कर रहे नशा तस्कर गिरफ्तार

गुना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। मृगवास थाना अंतर्गत सानई चौकी पुलिस ने राजस्थान से मध्य प्रदेश में अफीम की तस्करी कर रहे दो अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन और एसडीओपी चांचौड़ा मनोज कुमार झा के पर्यवेक्षण में की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि राजस्थान की ओर से एक मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति अफीम लेकर आ रहे हैं। इस पर पुलिस टीम ने ग्राम बंजारीकला के कच्चे रास्ते पर घेराबंदी कर बाइक सवार राधेश्याम बंजारा (45 वर्ष) और जगदीश उर्फ भूरा बंजारा (35 वर्ष) निवासी जिला बारां (राजस्थान) को दबोच लिया। तलाशी लेने पर आरोपियों के पास से 1.010 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद हुई। पुलिस ने 10 लाख रुपये कीमत की अफीम और तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सहित कुल 11 लाख रुपये का मशरूका जप्त कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# महज 200 रुपए के विवाद में दोस्त पर चाकू से जानलेवा हमला

**गुना।** कैंट थाना क्षेत्र के घोसीपुरा इलाके में शनिवार देर रात महज 200 रुपए के लेन-देन को लेकर दो दोस्तों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। विवाद इस कदर बढ़ा कि एक दोस्त ने दूसरे के पेट पर चाकू से ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। दरअसल, घोसीपुरा निवासी आदिल खान ने अपने एक दोस्त को चश्मा दिलाया था, जिसके 200 रुपए उसे दोस्त से लेने थे। शनिवार शाम को इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। इसके बाद देर रात करीब 11 बजे आरोपी दोस्त ने आदिल को फोन करके घोसीपुरा स्थित एक स्कूल के पास बुलाया। वहां बातचीत के दौरान विवाद अचानक बढ़ गया और आरोपी ने तैश में आकर आदिल के पेट पर चाकू से दो से तीन जानलेवा वार कर दिए। वारदात के दौरान मौके पर मौजूद राहुल जाटव नाम के एक अन्य युवक ने जब बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो उसकी उंगलियों में भी चोटें आई हैं।

### बंटवारे के विवाद में भाई-भतीजे पर हमला

**गुना।** सिरसी थाना क्षेत्र के चंदेरा गांव में शनिवार शाम जमीन के बंटवारे को लेकर बुलाई गई पंचायत खूनी संघर्ष में बदल गई। दो भाइयों के बीच 50 बीघा जमीन के विवाद को सुलझाने के लिए पंचों की मौजूदगी में समझौता चल रहा था, तभी एक पक्ष ने अचानक लाठी से हमला कर दिया। इस हमले में पिता और पुत्र दोनों गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जानकारी सामने आई है कि चंदेरा निवासी विक्रम सिंह यादव का अपने छोटे भाई से लंबे समय से पैतृक जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद को दूर करने के लिए शनिवार शाम करीब 5 बजे गांव में पंच बुलाए गए और पंचायत बैठाई गई। दोनों पक्षों में आपसी सहमति बनाने के प्रयास चल रहे थे कि तभी विक्रम का छोटा भाई तैश में आ गया। उसने पंचों की मौजूदगी में ही अपने भतीजे सुखवीर यादव के सिर पर लाठी से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। बेटे को लहूलुहान देख जब पिता विक्रम सिंह उसे बचाने आगे आए, तो आरोपी ने अपने सगे भाई पर भी लाठी से हमला बोल दिया। इस अचानक हुए हमले से पंचायत में अफरा-तफरी मच गई। घटना में पिता-पुत्र दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। आरोप है कि विवाद के दौरान चाचा ने बंदूक से हवाई फायर भी किया।

**न्याय की मांग** — 150 सीसीटीवी खंगालने के बाद हत्यारी जेसीबी जप्त, चालक गिरफ्तार

# आरोन रोड पर हुई भाई-बहन की मौत के मामले का खुलासा



नवभारत न्यूज

**गुना। आरोन थाना क्षेत्र में हुई एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना का सफल खुलासा हो गया है। हादसे में एक ही परिवार के भाई-बहन की असामयिक मृत्यु हो गई थी। घटना के बाद से ही क्षेत्र में भारी आक्रोश था और न्याय की मांग को लेकर मृतक के परिजनों व सामाजिक संगठनों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन भी सौंपा था।**

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों का सहारा लिया और करीब 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद आखिरकार अज्ञात वाहन और उसके चालक को ढूंढ निकाला। पुलिस ने आरोपी जेसीबी चालक को गिरफ्तार कर वाहन को जप्त कर लिया है। घटनाक्रम के अनुसार, बीते 14 मई को आरोन थाना क्षेत्र के ग्राम महुआखेड़ा निवासी विपिन (18) अपनी बहन शिवानी पंथी (22) को परीक्षा दिलाने के लिए आरोन कॉलेज लेकर आया था। परीक्षा समाप्त होने के बाद जब दोनों भाई-बहन मोटरसाइकिल से वापस अपने गांव लौट रहे थे, तभी ग्राम सिरसी और ढिमरयाई के बीच एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों भाई-बहन की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया था।

**पुलिस पर था भारी दबाव**

इस हृदयविदारक घटना से आक्रोशित परिजनों और विभिन्न संगठनों ने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक हितिका वासल को ज्ञापन सौंपा था। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एसपी ने तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया। थाना प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह सिकरवार और उपनिरीक्षक रविनंदन शर्मा के नेतृत्व में टीम ने पनबाड़ी हाट से लेकर आरोन बायपास तक के पूरे मार्ग पर लगे 150 से अधिक कैमरों की बारीकी से जांच की।

**जेसीबी और आरोपी चालक गिरफ्तार**

लगातार तकनीकी जांच और संदिग्ध वाहनों की शॉर्टलिस्टिंग के बाद पुलिस ने अंततः दुर्घटना में शामिल जेसीबी (क्रमांक एमपी 08 डीए 0311) को चिन्हित कर लिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी जेसीबी चालक राजकुमार जाटव (36 वर्ष, निवासी आरोन) को हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया और वाहन को जप्त कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।